# पाठ–१८ : गिल्लू

## ❖ शब्दार्थ

संभवतः – शायद
लघु गात – छोटा–सा शरीर
सुलभ – आसानी से प्राप्त
झुंड – दल
आहार – भोजन
अपवाद – सामान्य नियम से भिन्न
निश्चेष्ट–सा – बिना किसी हरकत के
परिचारिका – सेविका
उपचार – इलाज
यातना – कष्ट, पीडा
आश्वस्त – जिसका डर दूर कर दिया गया हो
मरणासन्न – जिसकी मृत्यु निकट हो
स्निग्ध – चिकना
उष्णता – गरमी
विस्मित – हैरान, अचंभित
प्रभात – सवेरा

## ❖ सही उत्तर पर सही का निशान लगाइए ।

क) गिलहरी का छोटा–सा बच्चा निश्चेष्ट सा किससे चिपटा पडा था ?
(✓) गमले से ( ) पेड से ( ) झाडी से ( ) टोकरी से

ख) काँच के मनकों सी आँखें किसकी थी ?
( ) खरगोश की ( ) बिल्ली की (✓) गिल्लू की ( ) कौए की

ग) गिल्लू का प्रिय भोजन क्या था ?
( ) चावल ( ) बादाम ( ) फल (✓) काजू

घ) दिन भर गिलहरियों के झुंड का नेता बना हुआ गिल्लू क्या करता था ?
( ) खाता रहता था (✓) डाल पर उछलता–कूदता था
( ) नाचता रहता था ( ) खेलता रहता था

च) गिलहरियों के जीवन की अवधि लगभग कितनी होती है ?
( ) तीन वर्ष ( ) चार वर्ष (✓) दो वर्ष ( ) पाँच वर्ष

## शब्द–संपदा

### ❖ निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए ।

प्रभात – उषाकाल, प्रातःकाल
फूल – प्रसून, पुष्प
गात – शरीर, तन
पानी – जल, निर
आँख – नेत्र, नयन
मुक्ति – स्वतंत्रता, आजादी

### ❖ निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के दो–दो अर्थ लिखिए ।

हर – प्रत्येक, शिव
डाल – शाखा, गिराना
पत्र – पत्ता, चिट्ठी
खाता – बैंक खाता, खाना क्रिया
जाली – नकली, तारो की छेददार पट्टी
बाल – बच्चा, केश

### ❖ उपसर्ग और मूल शब्द छाँटकर लिखिए ।

दुर्घटना - दुर + घटना　　अपवाद - अप + वाद　　उपचार - उप + चार

निश्चेष्ट - निः + चेष्ट　　आहार - आ + हार　　सुलभ - सु + लभ

## पाठ-ज्ञान

### ❖ मौखिक प्रश्न

१) कौए गमले के चारों ओर क्या कर रहे थे ?

उ) दो कौए गमले के चारों ओर चोंचों से छुआ-छुऔवल जैसा खेल खेल रहे थे ।

२) गिल्लू कौन था ?

उ) गिल्लू एक गिलहरी का स्निग्ध रोएँ झब्बेदार पूँछ और चंचल चमकीली आँखे वाला बच्चा था ।

३) लेखिका ने गिल्लू का उपचार किस प्रकार किया ?

उ) लेखिका ने गिल्लू के घाव पर रुई से पोंछकर पेनिसिलिन का मरहम लगाया ।

४) दो वर्ष तक गिल्लू का घर कैसा था ?

उ) फूल रखने की एक हलकी डालिया में रुई बिछाकर उसे तारा से खिडकी पर लटका दिया। यहीं दो वर्ष तक गिल्लू का घर था ।

५) भूख लगने पर गिल्लू उसकी सूचना कैसे देता था ?

उ) भूख लगने पर गिल्लू उसकी सूचना चीख-चीख की आवाज करके देता था ।

६) लेखिका को गिल्लू को मुक्त करना क्यों जरुरी था ?

उ) गिलहरियों को देखकर जाली के पासी बैठकर अपने पन से बाहर झाँकता देख लेखिका ने गिल्लू को मुक्त करना जरुरी लगा और गिल्लू ने मुक्ति की साँस ली तथा मुक्त होकर क्रिया कलाप करता रहता था ।

७) लेखिका को चौंकाने के लिए गिल्लू क्या करता था ?

उ) लेखिका को चौंकाने के लिए गिल्लू कभी फूल दान के फूलों में, परदों की चुन्नटो में और कभी सोनजूही की पत्तियों में छीप जाता था ।

८) गिल्लू ने लेखिका के निकट रहने तथा गरमी से बचने का क्या उपाय किया ?

उ) गिल्लू ने लेखिका के निकट रहने तथा गरमी से बचने के लिए गिल्लू लेखिका के पास रखी सुराही पर लेट जाता ।

### ❖ प्रश्नों के उत्तर

१) कई घंटे के उपचार का क्या परिणाम निकला ? तीन-चार मास में गिल्लू के शरीर पर कौन-से लक्षण उभरकर आए ?

उ) कई घंटे उपचार के बाद गिलहरी के बच्चे के मुँह में एक बूँद पानी टपकाया जा सका । तीन-चार मास में गिल्लू के शरीर के रोएँ स्निग्ध हो गए । उसकी पूँछ झब्बेदार हो गई ।

२) गिल्लू के जीवन का प्रथम वसंत आने पर लेखिका ने क्या किया ?

उ) गिल्लू के जीवन का प्रथम वसंत आने पर लेखिका ने खिडकी की जाली की कीले निकालकर जाली का एक कोना खोल दिया । इससे वह अपने मित्रों से मिलने बाहर जा सके ।

३) 'गिल्लू इनमें अपवाद था' – लेखिका ने ऐसा क्यों कहा ?

उ) लेखिका का पाला कोई पशु-पक्षी उनके साथ उनकी थाली में भोजन नहीं करता था । गिल्लू मेज पर बैठकर उनकी थाली से चावल उठा-उठाकर खाता था । इसलिए लेखिका ने कहा गिल्लू इनमें अपवाद था ।

४) लेखिका को अस्पताल में घायल क्यों रहना पडा ? उन दिनों गिल्लू क्या करता था ?

उ) एक मोटर दुर्घटना में लेखिका को कुछ दिनों तक अस्पताल में रहना पडा । उन दिनों जब लेखिका के कमरे का दरवाजा खोला जाता तब गिल्लू अपने झूले से उतरकर दौडता और किसी दूसरे को देखकर अपने घौंसले में जा बैठता ।

५) गिल्लू की जीवन-यात्रा का अंत किस प्रकार हुआ ?

उ) एक दिन गिल्लू ने खाना-पीना सब छोड दिया । रात को अपने झूले से उतरकर लेखिका के बिस्तर पर गया और अपने ठंडे पंजो से ऊँगली पकडकर वे उनके हाथ से चिपक गया। लेखिका ने हीटर जलाया उसे गरमी देने का प्रयत्न किया पर वह व्यर्थ हो गया । सूर्योदय के साथ-ही गिल्लू की जीवन-यात्रा का अंत हो गया ।

## ❖ रिक्त स्थान की पूर्ति

१) गिल्लू का प्रिय भोजन <u>काजू</u> था ।

२) काँच में मनको सी आँखें <u>गिल्लू</u> की थी ।

३) <u>मनुष्य</u> एक संवेदनशील प्राणी है ।

४) रुई से रक्त पौंछकर घावों पर पेनिसिलिन का <u>मरहम</u> लगाया ।

५) गिलहरी का छोटा सा निश्चेष्ट सा <u>गमले</u> से चिपडा पडा था ।

६) गरमी से बचने का एक <u>सर्वथा</u> नया उपाय खोज निकाला था ।

## ❖ सही या गलत

१) गिलहरी का एक छोटा सा बच्चा निश्चेष्ट सा पेड से चिपटा पडा था । ✗

२) दिनभर गिलहरियों के झुंड का नेता बना गिल्लू खाता रहता था । ✗

३) गिल्लू का प्रिय भोजन बादाम था । ✗

४) गिलहरी के जीवन की अवधि लगभग दो वर्ष होती है । ✓

५) मनुष्य एक संवेदनशील प्राणी है । ✓

६) काँच में मनको सी आँखें गिल्लू की थी । ✓

७) गिल्लू के जीवन की प्रथम गरमी आई । ✗

## ❖ सही मिलान

१) पेनिसिलिन – मारहम

| | | | |
|---|---|---|---|
| २) | गिल्लू | – | गिलहरी |
| ३) | काजू | – | गिल्लू का प्रिय भोजन |
| ४) | गिलहरी की अवधि | – | २ वर्ष |
| ५) | 'गिल्लू' की लेखिका | – | महादेवी वर्मा |
| ६) | सफाई से खाता | – | एक एक चावल |
| ७) | छिप जाता | – | फूलो, परदो में |